Financial Support ti Sick PSUs

1482. SHRI N. GIRI PRASAD:

SHRI CHATURANAN MISHRA:

Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether Government have decided to provide financial support to Sick Public Sector Undertakings to improve their performances; and

(b) if so, the details of such support being provided to PSUs?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SMT. KRISHNA SAHI): (a) and (b) The Government have been pre. viding financial support to various Central Sick Public Sector Undertakings. The details ofBudget Provisions ma\c during 1993-94 and 1994.95 have been indicated in Statement No. 9 of Volume-I of Expenditure Budget 1994-95.

देश में पचीस करोड़ रुपये से अधिक निवेश वाली बहुराष्ट्रीय कम्पनियां

1483. **श्री अजीत जोगी** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में कार्य कर रही उन बहुराष्ट्रीय कंपनियों का ब्यौरा क्या है जिन्होंने 31 मार्च, 1993 को 25 करोड़ रुपए से भी अधिक पूंजीगत निवेश किया हुआ था ;

(ख) बहुराष्ट्रीक कंपनियों द्वारा औद्योगिक क्षेत्र में विदेशी निवेश के संबंध में सरकार की क्या नीति है; और

(ग) औद्योगिक नीति के उदारीकरण के बाद बहुराष्ट्रीक कंपनियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में राज्य-वार निवेश करने के लिए किए गए वादों का ब्यौरा क्या है?

उद्योग मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही) : (क) 30-9-1993 की स्थिति के अनुसार 25 करोड़ रुपए से अधिक पूंजी निवेश करने वाली देश में चल रही बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के ब्यौरों की सूची विवरण I के रूप में संलग्न है (नीचे देखिए) ।

(ख) 24-7-1991 को सदन के पटल पर रखे गये औद्योगिक नीति संबंधी वक्तव्य में औद्योगिक क्षेत्र में विदेशी पूंजी निवेश के बारे में सरकार की नीति का ब्यौरा दिया गया है।

(ग) जनवरी, 1993 से जून, 1993 तक विभिन्न क्षेत्रों में अनुमोदित विदेशी निवेश का राज्यवार ब्यौरा संलग्न विवरण-ii में दिया गया है (नीचे देखिए) । 1993 से पहले के राज्यवार विदेशी सहयोग सम्बन्धी आंकड़े नहीं रखे गए थे ।